# जनपद शामली पुलिस

--सोशल मीडिया सेल शामली--

प्रेस विज्ञप्ति दिनांक 01.12.2024

**थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत मिल रोड पर जानलेवा हमला करने के मामले में 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से घटना में प्रयुक्त अवैध हथियार व कारतूस बरामदः-**

ज्ञात हो कि दिनांक 12.10.2024 को वादी श्री सन्नी पुत्र राजकुमार निवासी मौहल्ला शिव विहार रेलपार थाना आदर्शमंडी जनपद शामली अपने दोस्त अमित मलिक पुत्र रविन्द्र निवासी ग्राम किवाना थाना कांधला जनपद शामली व अन्य साथियों के साथ अमित की बलेनो व बुलरो गाडी से थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत मिल रोड पर आये थे। उपरोक्त वादी व उसके साथी मिल रोड पर दोनों गाडियो से बाहर उतरकर खडे थे। तभी अचानक से एक स्पेलन्डर मोटर साइकिल पर अमन उर्फ डिफाल्टर पुत्र रामफल निवासी मौहल्ला रामसागर अपने बडे भाई रामभरोसे के साथ वहां पर आया तथा गाली गलौज करते हुए हाथ मे लिये अवैध हथियार से अमन ने जान से मारने की नियत से फायर किया। जिसमें वादी सन्नी बाल बाल बचा और गोली बुलेरो गाडी की अगली बाई खिड़की में जा लगी। फिर दोनो भाई जान से मारने की धमकी देकर मोटर साइकिल पर बैठकर फरार हो गये। जिसके सम्बन्ध मे थाना कोतवाली शामली पर नामजद लिखित तहरीर दाखिल की गई थी। दाखिला तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली शामली पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। उपरोक्त घटना के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक शामली ने थानाध्यक्ष कोतवाली शामली को घटना में लिप्त अभियुक्तगण की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया था ।

इसी क्रम में दिनांक 30.11.2024 की रात्रि में पुलिस अधीक्षक शामली श्री रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे अपराध की रोकथाम एवं अपराध में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत मिल रोड पर जानलेवा हमला करने के मामले में 01 वांछित अभियुक्त को घटना में प्रयुक्त अवैध एक तमंचा मय 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर सहित गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। शेष अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु टीमें लगाई गयी है, शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जायेगी।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1.विशाल उर्फ रामभरोसे पुत्र रामफल निवासी मौहल्ला रामसागर गली न0-02 ब्लॉक रोड थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

**बरामदगी का विवरणः-**

1.घटना में प्रयुक्त अवैध 01 तमंचा मय 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर



**थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत होटल राजमहल में झगड़ा कर घायल करने के मामले में वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तार :-**

ज्ञात हो कि दिनांक 30.11.2024 को होटल राजमहल के मैनेजर श्री अरविन्द कुमार पुत्र सेवाराम निवासी अटल विहारी शामली थाना कोतवाली शामली जनपद शामली ने होटल में काम करने वाले अनिल पुत्र संजय व सागर पुत्र बहादूर निवासीगण मादलपुर थाना थानाभवन जनपद शामली व अन्य साथियो के साथ मिलकर होटल के स्टॉफ व सुरक्षा गार्ड को जान से मारने की नियत से हमला करने के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर 02 नामजद व अज्ञात के विरुद्ध लिखित तहरीर दाखिल की गयी थी । दाखिला तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली शामली पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था । पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा अभियुक्तगणों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु थाना प्रभारी कोतवाली शामली को निर्देशित किया गया था ।

इसी क्रम में आज दिनांक 01.12.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री राम सेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे अपराध की रोकथाम एवं अपराध में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली शामली पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत होटल राजमहल में झगड़ा कर घायल करने के मामले में वांछित 01 अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है । गिरफ्तारी के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शामली पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है । घटना में लिप्त अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु टीमें लगाई गयी है । शीघ्र ही गिरफ्तारी सुनिश्चित की जायेगी ।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1.अनिल पुत्र अन्जेश निवासी ग्राम मादलपुर थाना थानाभवन जनपद शामली ।



**थाना कैराना पुलिस द्वारा महिला को आत्महत्या करने हेतु उकसाने के मामले में वांछित 01 अभियुक्त गिरफ्तारः-**

**ज्ञात हो कि वादी श्री खुर्शीद पुत्र अख्तर निवासी ग्राम डाडौला थाना सैक्टर 29 जनपद पानीपत ने अपनी बहन सोनी की शादी ग्राम मलकपुर थाना कैराना जनपद शामली निवासी मुनव्वर पुत्र दिलशाद से की थी । मुनव्वर व उसके माता पिता द्वारा सोनी को परेशान किया जा रहा था । जिसके कारण दिनांक 05.10.2024 को सोनी विषैला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली गई थी । जिसके सम्बन्ध में थाना कैराना पर नामजद तहरीर दाखिल की गयी थी । दाखिला तहरीर के आधार पर थाना कैराना पर अभियोग पंजीकृत किया गया था ।**

**आज दिनांक 01.12.2024 को पुलिस अधीक्षक शामली श्री राम सेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे अपराध की रोकथाम एवं अपराध में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के निकट पर्यवेक्षण में थाना कैराना पुलिस द्वारा कैराना क्षेत्रांतर्गत महिला को आत्महत्या करने हेतु उकसाने के मामले में वांछित 01 अभियुक्त को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है । गिरफ्तारी के सम्बन्ध में कैराना पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है । उपरोक्त घटना में शामिल अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु थाना कैराना पुलिस लगातार प्रयासरत है ।**

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

**1.मुनव्वर पुत्र दिलशाद निवासी ग्राम मलकपुर थाना कैराना जनपद शामली ।**

**आपराधिक इतिहास अभियुक्तः-**

**2.मु0अ0सं0 600/2024 धारा 108/85 बीएनएस थाना कैराना जनपद शामली ।**



**थाना कोतवाली शामली, थाना आदर्शमंडी, थाना कैराना थाना झिंझाना पुलिस द्वारा वांछित/वारण्टी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 08 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तारः-**

आज दिनांक **01.12.2024** को पुलिस अधीक्षक शामली के आदेशानुसार चलाए जा रहे वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में थाना कोतवाली शामली, थाना आदर्शमंडी, थाना कैराना व थाना झिंझाना पुलिस द्वारा वांछित/वारंटी/एनबीडब्ल्यू अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 08 एनबीडब्ल्यू/वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की है। अभियुक्तों की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में सम्बन्धित थानों पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्तगण:-**

1.नबाब पुत्र रफीक निवासी मौहल्ला नौकुंआ रोड शामली थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

2.मोनू पुत्र हरवीर हरिजन निवासी ग्राम गोहरनी थाना आदर्श मण्डी शामली जनपद शामली।

3.लखन पुत्र पप्पु निवासी मौहल्ला नन्दू प्रसाद थाना कोतवाली शामली जनपद शामली।

4.बृजपाल पुत्र बदलूराम निवासी ग्राम पावटी कला थाना कैराना जनपद शामली।

5.रियासत पुत्र लियाकत निवासी ग्राम मण्डावर थाना कैराना जनपद शामली।

6.दीन मौहम्मद पुत्र जमशेद निवासी ग्राम भूरा थाना कैराना जनपद शामली।

7.इमरान पुत्र कामिल निवासी ग्राम भूरा थाना कैराना जनपद शामली।

8.मुकरिम पुत्र इलियास निवासी ग्राम गोगवान थाना कैराना जनपद शामली।




साइबर सेल
थाना आदर्शमण्डी
उत्तर प्रदेश पुलिस


कोतवाली झिझाना
LONDON
Galaxy A33 5G





